तापमान

अधिकतम 36.2 डिग्री

न्यूनतम 17.9 डिग्री


हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 5 मार्च 2025

[बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया]




अजाक थाने के सामने यातायात पुलिस द्वारा वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है।

## पंकज तिवारी कांग्रेस से निष्कासित

**बिलासपुर।** छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री एवं जिला संगठन प्रभारी, जिला कांग्रेस कमेटी गौरेला पेण्ड्रा मरवाही के हरजीत छाबड़ा की अनुशंसा पर पेण्ड्रा नगर पालिका के अध्यक्ष पद प्रत्याशी पंकज तिवारी को कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से 6 वर्षों के लिए निकाष्सित कर दिया गया है। पंकज कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव के समर्थक माने जाते हैं। जीपीएम के कांग्रेस जिलाध्यक्ष उत्तम वासुदेव ने पंकज तिवारी के निष्कासन का आदेश जारी किया है। इसके अलावा ने पंकज तिवारी के खिलाफ पेण्ड्रा थाना में शिकायत की है कि तीन दिन से नशे में गाली गलौच किया है। इस मामले में एफआईआर की मांग की गई है।

# चुनावों के दौरान प्रदेश भर में बढ़ी गरीबों की संख्या, चार महीने में ही बन गए एक लाख 88 हजार नए राशन कार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले सहित प्रदेश भर में राशनकार्डधारी गरीबों की संख्या तेजी से बढ़ रही हैं। खास तौर पर नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के ठीक पहले राशनकार्ड तेजी से बनाए गए। खाद्य विभाग के आंकड़ों से ज्ञात हुआ है कि चार माह में 1,87,993 नए बीपीएल राशनकार्ड बनें। इनमें 32 हजार से ज्यादा सामान्य परिवार बीपीएल की श्रेणी में शामिल हुए हैं। आंकड़ों से साफ है कि चुनाव के पहले जनप्रतिनिधियों ने मतदाताओं को रिझाने के लिए गरीबी रेखा कार्ड को बड़ा हथियार बनाया है। आंकड़ों को देखें तो छत्तीसगढ़ में निकाय, त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तारीखें घोषित होने से पहले रोज दो हजार से ज्यादा बीपीएल राशनकार्ड बनाए गए। इससे पहले अक्टूबर 2023 से अक्टूबर 2024 के बीच रोज औसत 775 कार्ड बन रहे थे। 29 अक्टूबर लेकर आचार संहिता लगने (20 जनवरी) तक यानी 84 दिन में 1 लाख 68 हजार 719 बीपीएल कार्ड बने। यानी औसत 2008 रोजाना बने। इस दौरान सबसे ज्यादा 24,915 नए कार्ड रायपुर जिले तो बिलासपुर में 20743 कार्ड बनाए गए।

■ नेताओं ने मतदाताओं को रिझाने गरीबी रेखा कार्ड को बड़ा हथियार बनाया

कार्डों की स्थिति
- अन्योदय कार्ड- 15 लाख 35 हजार 782
- निराश्रित कार्ड- 32 हजार 863-
- अन्नपूर्णा कार्ड- 32 हजार 876



अलग खबर

गौरतलब है कि बीपीएल राशनकार्ड से एक परिवार को मुफ्त खाद्यान्न के साथ पांच लाख तक का इलाज भी मिल रहा है। इस वजह से तेजी से बीपीएल कार्ड बनाने के आंकड़ों में इजाफा हुआ है। वैसे भी छत्तीसगढ़ के चुनावों में राशनकार्ड की भूमिका काफी पहले से रही है। खाद्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार 29 अक्टूबर, 2024 लेकर 25 फरवरी, 2025 तक यानी चार माह में कुल 72 लाख 45 हजार 104 बीपीएल कार्डधारी हो गए जो इससे पहले 70 लाख 57 हजार 111 थे। इस दौरान सबसे ज्यादा 25,835 नए बीपीएल कार्ड रायपुर जिले में बनाए गए। बिलासपुर में भी 20 हजार 743 से अधिक बीपीएल कार्ड बनाए गए हैं। 29 अक्टूबर 2024 की स्थिति में राज्य में सभी वर्गों को मिलाकर कुल 79 लाख 16 हजार 855 राशन कार्ड थे जो कि अब बढ़कर 80 लाख 85 हजार हो चुका है।

### नियमों का रखा जा रहा ख्याल

नियमानुसार बन रहे राशन कार्ड नियमानुसार ही राशनकार्ड बनाए जा रहे हैं। जरूरतमंद आवेदन कर रहे हैं तो उनके राशनकार्ड तो बनाए ही जाएंगे। इसमें पात्रता के साथ ही नियमों का ख्याल रखा जा रहा है।

- **अनुराग सिंह भदौरिया,** खाद्य नियंत्रक

### घट रही है सामान्य कार्डों की संख्या

दूसरी ओर सामान्य क्षेणी के राशनकार्ड की संख्या लगातार घट रही है। अक्टूबर 2023 में प्रदेश में 8 लाख 78 हजार 249 एपीएल कार्ड थे। वहीं अक्टूबर 2024 में इनकी संख्या घटकर 8 लाख 59 हजार हो गई है। इस तरह सालभर में एपीएल कार्डोंकी संख्या 18 हजार से ज्यादा घट गई है। वहीं 25 फरवरी, 2025 में इनकी संख्या और कम होकर 8 लाख 55 हजार 669 रह गई है यानी महल चार माह में 3,331 संख्या और कम हो गई।

### ऐसे बढ़े राशनकार्डधारी गरीब

गौरतलब है कि अक्टूबर, 2023 से अक्टूबर, 2024 के बीच छत्तीसगढ़ में 2.82 लाख से ज्यादा बीपीएल कार्ड बने थे। अक्टूबर 2023 की स्थिति प्रदेश में 67.74 लाख परिवारों के पास गरीबी रेखा कार्ड थे। वहीं अक्टूबर 2024 में बढ़कर 70.57 लाख हो गई थी। अब इनकी संख्या 72,45,104 हो गई है। हालांकि खाद्य विभाग का इस मामले में कहना है कि नियमानुसार ही राशनकार्ड बनाए जा रहे हैं। जरूरतमंद आवेदन कर रहे हैं तो उनके राशनकार्ड तो बनाए ही जाएंगे। इसमें पात्रता के साथ ही नियमों का ख्याल रखा जा रहा है।

# ईवी व्हीकल की सब्सिडी पर ब्रेक, पांच हजार वाहन मालिकों को नहीं मिली राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों को देखते हुए जोर शोर से ईवी व्हीकल की बिकवाली की गई है, लेकिन पिछले ढाई साल से सब्सिडी पर केन्द्र सरकार का ब्रेक लग चुका है। फंड नहीं मिलने के कारण 5 हजार वाहन मालिकों को सब्सिडी की राशि नहीं मिल सकी है। जिले में पौने 3 करोड़ सब्सिडी के लिए वाहन मालिक आरटीओ के चक्कर लगाने को मजबूर हो रहे हैं।

जिले में इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) खरीदने वाले 5 हजार लोगों के बैंक खातों में ढाई साल से सब्सिडी नहीं आ रही है। हाल ही में राज्य सरकार ने बजट में जिले के लिए 57 लाख रुपये का फंड आबंटित किया है, लेकिन यह राशि महज साल 2022 में बिके वाहनों के लिए ही पूर्ति की जा सकती है। बताया जाता है कि केन्द्र से बजट नहीं मिलने के कारण महीनों से ईवी खरीदारों को सब्सिडी का भुगतान नहीं किया जा रहा है। खाते में रकम नहीं पहुंचने के कारण ईवी खरीदार बैंक, आटोमोबाइल डीलरों और आरटीओ के चक्कर लगा रहे हैं। जिले में साल 2022 में 450 वाहन, साल 2023 में 1530 वाहन और साल 2024 में 3200 वाहनों के सब्सिडी बकाया है। इन वाहनों पर करीब पौने 3 करोड़ रूपए की राशि दी जानी है, लेकिन केन्द्र सरकार की ओर से फंड नहीं मिलने के कारण सब्सिडी में देरी हो चुकी है।



केन्द्र से बजट नहीं मिलने के कारण रोकी गई राशि

### टू व्हीलर पर 14 हजार की सब्सिडी

जानकारी के अनुसार जिले में सर्वाधिक ईवी व्हीकल में टू व्हीलर गाड़ियां ही है, इसपर राज्य सरकार द्वारा 14 हजार की सब्सिडी का प्रावधान है। वाहन की कीमत का 10 फीसदी बतौर सब्सिडी के तौर पर भुगतान किया जाता है। एजेंसी द्वारा सभी फार्मेलिटिज पूरी करने के बाद परिवहन विभाग को फाइल भेजता है, जिसपर ऑनलाइन प्रक्रियाओं के तरह सीधे वाहन मालिक के खातों में राशि हस्तांतरित की जाती है।

### आनलाइन होती है पूरी प्रक्रिया

हाल ही में कुछ बजट का आबंटन हुआ है, लेकिन प्राथमिकता के आधार पर सब्सिडी दी जाती है, यह प्रक्रिया पूरी आनलाइन है। जिन लोगों को सब्सिडी का भुगतान नहीं हुआ है, उनकी जानकारी मांगी जा रही है, जल्द ही भुगतान दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।

- **आनंद रूप तिवारी,** आरटीओ, परिवहन विभाग

## दूसरे की जमीन को बेचने का झांसा देकर 40 लाख की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** एग्रीमेंट के आधार पर सिरगिट्टी क्षेत्र में दूसरे की 11 डिस्मील जमीन बेचने का झांसा देकर एक व्यक्ति से 40 लाख रुपए की ठगी कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

सिरगिट्टी टीआई रजनीश सिंह ने बताया, तिफरा यदुनंनदनगर निवासी जीवन लाल पटेल ने रिपोर्ट लिखाई। पेंडारी निवासी फूलदास और फूलचंद के नाम पर सिरगिट्टी क्षेत्र में 11 डिस्मील जमीन है। इस खरीदने के लिए शुभम विहार निवासी रसपाल सिंह बागड़िया ने एग्रीमेंट किया है। इसी एग्रीमेंट को दिखाकर उनसे जमीन बेचने का सौदा किया। पहली किस्त में उनसे 10 नवंबर 2023 को 3 लाख रुपए लिया। उसके बाद अलग अलग किस्तों में फरवरी 2024 तक 40 लाख रुपए आनलाइन व नकद दिया। उसके बाद वह जमीन की रजिस्ट्री कराने के लिए टालमटोल करने लगा। उन्होंने अपना पैसा वापस मांगा तो उसने इनकार कर दिया। श्री पटेल ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर धारा 420 के तहत आरोपी रसपाल सिंह बागड़िया को गिरफ्तार कर लिया है।

# लायन भीम ने तोड़ा दम

**बिलासपुर।** किडनी की बीमारी से परेशान कानन पेण्डारी जू के लायन भीम ने मंगलवार की सुबह दम तोड़ दिया। सूचना पर कानन जू पहुंचने के बाद अधिकारियों और कर्मचारियों की मौजूदगी में लायन भीम का अंतिम संस्कार किया गया।कानन प्रबंधन के अनुसार पेण्डारी जू में रखे गए शेर लायन भीम को 17 फरवरी 2025 से किडनी से संबंधित समस्या थी, जिसके लिए उसका उपचार पहले ही शुरु कर दिया गया था। प्राथमिक उपचार में लायन की हालत में थोड़ा बहुत सुधार के बाद तबीयत फिर बिगड़ती जा रही थी। उपचार को और बेहतर व प्रभावी बनाने के लिए गिर नेशनल पार्क, गुजरात के वन्यप्राणी चिकित्सक और विशेषज्ञ डॉक्टर आरएफ कादिवार से परामर्श कर निर्देशानुसार लायन को इलाज के साथ दवाईयां भी दी जा रही थी। इसके अलावा कानन पेण्डारी के चिकित्सक की टीम भी लगातार निगरानी रखे हुए थे। मंगलवार की सुबह लायन भीम की तबीयत ज्यादा खराब हो गई और उसने दम तोड़ दिया। सुबह इसकी सूचना मिलने के साथ ही कानन पेण्डारी जू के डीएफओ यूआर गणेश, अधीक्षक संजय लूथर सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंच गए। केन्द्रीय चिड़ियाघर नई दिल्ली के गाइड लाइन के अनुसार मृत्यु उपरांत लायन का शव विच्छेदन पोस्टमार्टम पशु चिकित्सकों की ओर से किया गया, जिसके उपरांत कानन पेण्डारी जू में लायन का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

किडनी की बीमारी से परेशान था



अधिकारियों की मौजूदगी में किया दाह संस्कार।





नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।




1. भारत की वित्त मंत्री कौन है ? ..........
2. लौह महिला के नाम से किसे जाना जाता है ? ..........
3. रेल्वे ड्रायवर बनने वाली प्रथम भारतीय महिला ? ..........
4. भारत की प्रथम क्रांतिकारी महिला कौन थी ? ..........
5. भारतीय सिनेमा की प्रथम महिला अभिनेत्री कौन थी ? ..........
6. भारत की प्रथम महिला शिक्षिका कौन थी ? ..........
7. वर्तमान में छत्तीसगढ़ में कितनी महिला महापौर है ? ..........
8. एम. ए. पास करने वाली भारत की पहली महिला ? ..........
9. प्रथम भारतीय महिला क्रिकेट अम्पायर कौन थी ? ..........
10. महिलाओं को वोट देने का अधिकार सबसे पहले किस देश ने दिया था ? ..........







नियम एवं शर्तें - 1. इस प्रतियोगिता में सिर्फ महिला पाठक ही भाग ले सकेंगी। 2. महिलाओं को अपना पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ लगाना है। 3. बिलासपुर कार्यालय में प्रविष्ठि पहुंचाने की अंतिम तिथि 15 मार्च 2025 है। 4. ड्रॉ लाटरी पद्धति से निकाला जायेगा। 5. सभी प्रश्नों के सही उत्तर वाली प्रविष्टियों को ही ड्रॉ में शामिल किया जायेगा। 6. प्रतियोगिता से जुड़े किसी भी विषय पर हरिभूमि प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा। 7. विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र बिलासपुर होगा। 8. उत्तर भेजने के लिए अखबार कटिंग का ही उपयोग करें, फोटोकापी मान्य नहीं होगी। 9. हरिभूमि परिवार के सदस्य इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकेंगे। 10. आप अपनी प्रविष्ठि हरिभूमि के एजेंटों / संवाददाताओं / जिला कार्यालयों में भी जमा करा सकते है।

विश्व महिला दिवस प्रविष्ठि

नाम सुश्री / श्रीमती :- ..........

पिता/पति का नाम :- ..........

स्थाई पता :- ..........

..........

फोन/मो. नं. :- ..........

शैक्षणिक योग्यता :- ..........

फोटो यहां चिपकाएं



## खबर संक्षेप

### समाज के लोगों ने किया पार्षद अमित का सम्मान



बिलासपुर। कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज में निरंतर चली आ रही होली के फागुन में बैसवारी फाग का आयोजन समाज के प्रबुद्ध जनों के यहां प्रतिदिन किया जा रहा है। इसी कड़ी में लिंक रोड निवासी पं शैलेश बाजपेई के निवास पर फाग का आयोजन किया गया। जिसमे समाज के लोगों ने फाग का आनंद उठाया। आयोजन में समाज की ओर से निगम चुनाव में अमित तिवारी के पार्षद पद पर शानदार जीत की खुशी में समाज के पदाधिकारियों ने पार्षद का शाल और श्रीफल से सम्मान किया।

### बरई चौरसिया समाज ने किया एकजुट होने का आह्वान



बिलासपुर। बरई चौरसिया समाज के कार्यकारी समिति की बैठक शिव मंदिर में आहूत की गई थी। इसमें रायपुर के संदीप चौरसिया, बीके चौरसिया एवं लक्ष्मण चौरसिया ने समाज की एकता पर जोर दिया। उनका कहना है कि हमें एक देश एक समाज के विचारधारा का अनुसरण करना चाहिए। देश के कोने कोने में बरई समाज में विभिन्न उपनाम जैसे चौरसिया, तम्बोली, थवाईत, महोबिया, मोदी, कुमरावत, पंसारी, मंडल, भगत जायसवाल के नाम से हैं जो मूलतः बरई समाज से हैं। उन्हें आपस में जोड़कर एक सशक्त संगठन बनाना है। उन्होंने बताया कि 15 अप्रैल को रायपुर में युवक युवती परिचय सम्मेलन एवं विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसमें प्रत्येक नव विवाहित जोड़े को 25-25 हजार रुपए दिए जाएंगे।

### कांग्रेस कमेटी ने स्व. अर्जुन सिंह को दी श्रद्धांजलि




बिलासपुर। जिला कांग्रेस कमेटी शहर/ग्रामीण द्वारा 4 मार्च को कांग्रेस भवन में पूर्व मुख्यमंत्री स्व. अर्जुन सिंह की पुण्यतिथि मनाई गई। उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई । इस अवसर पर शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि स्व अर्जुन सिंह की बहुत सी यादें बिलासपुर से जुड़ी हुई हैं। अर्जुन सिंह ने बिलासपुर के विकास के लिए अनेक सौगाते दी। उन्होंने बिलासपुर में यूनिवर्सिटी खोला, मानव संसाधन मंत्री बने तो उसे अपग्रेड कर केंद्रीय विश्वविद्यालय बनाए, अरपा नदी में पूल निर्माण, एसईसीएल का मुख्यालय बनाया। अर्जुन सिंह एक कुशल राजनेता थे, जिनके एक एक शब्द राजनीतिक चातुर्य का प्रमाण था। इसलिए उन्हें भारतीय राजनीति का चाणक्य भी कहा जाता है। अर्जुन सिंह ने पंजाब से आतंकवाद को समाप्त करने में बड़ी भूमिका निभाई। कार्यक्रम को संयोजक ज़फ़र अली, हरीश तिवारी ने भी संबोधित करते हुए समाज व देश के विकास के लिए दिए गए योगदान को सराहा। कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, ज़फ़र अली, त्रिभुवन कश्यप, माधव ओत्तालवार, विनोद शर्मा, राकेश शर्मा, शिवा मिश्रा, अनिल सिंह चौहान, विनोद साहू, स्वर्णा शुक्ला, सुभाष ठाकुर, राजेश शर्मा, सत्येंद्र तिवारी, मनोज शर्मा, हेमन्त दिघरस्कर, घनश्याम कश्यप, वीरेंद्र सारथी, राजीव साहू, हेरि डेनिएल, मोह अयूब, गौरव एरी आदि उपस्थित थे।

### अटल नव निर्माण की परिकल्पना है यह बजट : मनीष

बिलासपुर। भाजपा के पूर्व एल्डरमैन मनीष अग्रवाल ने बजट पर अपनी विचार रखते हुए कहा कि विष्णु देव साय के सुशासन में वर्ष 2025-26 का बजट अटल नव निर्माण की परिकल्पना है। जिसमें हर क्षेत्र के विकास और छत्तीसगढ़ को आगे बढ़ाने के लिए समुचित, सुव्यवस्थित, सुरक्षित प्रयास है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार सेवा के संकल्प के साथ छत्तीसगढ़ के विकास में कीर्तिमान स्थापित करेगा।



### बजट में सर्वहारा समाज को खास तवज्जो दी गई : रौशन

बिलासपुर। भाजयुमो नेता रौशन सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत बजट प्रदेश के युवा, किसान, सर्वहारा समाज आम जनता का इस बजट में ध्यान रखा गया है। प्रदेश को विकासशील राज्य से विकसित राज्य बनाने के विजन के साथ यह बजट तैयार किया गया है। इस बजट में विभिन्न घोषणाओं से मध्यम वर्ग सहित प्रदेश के करोड़ों नागरिक लाभान्वित होंगे एवं प्रदेश विकास के नए आयाम की तरफ अग्रसर होगा।



### बजट संतुलित, महिलाओं का रखा ध्यान: सोनी

बिलासपुर। भाजपा नेता देवेश सोनी ने बजट को संतुलि बताया। इस बजट में महिलाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। महतारी वदन योजना में 500 करोड़ का एक्स्ट्रा प्रावधान रखा गया है। आठ लाख महिलाओं का लखपति दीदी बनाने का योजना है। 20000 नई भर्तियां की जाएगी। युवाओं को रोजगार का अवसर प्रदान किया जाएगा। पीएम ग्रामीण आवास के लिए फंड की व्यवस्था की गई है। यह बजट छत्तीसगढ़ को निश्चित रूप से विकसित प्रदेश बनाने में मददगार साबित होगा। कुल मिलाकर विष्णु देव सरकार का यह संतुलित बजट है।



**कुलपति का कार्यकाल समाप्त** — संभागायुक्त संभाल रहे दो यूनिवर्सिटी का प्रभार, गोपनीय तरीके से भेजा गया एक नाम

# ओपन यूनिवर्सिटी में नए कुलपति के लिए सर्च कमेटी का अतापता नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पूर्व कुलपति का कार्यकाल समाप्त हो गया है लेकिन नए कुलपति की खोज के लिए अभी तक कुलपति सर्च कमेटी नहीं बन पाई है जबकि यूनिवर्सिटी कार्यपरिषद की ओर से कमेटी के सदस्य के लिए एक नाम गोपनीय तरीके से पहले ही भेजा जा चुका है। इधर संभागायुक्त महादेव कावरे को ओपन यूनिवर्सिटी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

पं. सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी के प्रभारी कुलपति बिलासपुर संभागायुक्त महादेव कावरे को बनाया गया है। राजकीय यूनिवर्सिटी में कुलपति का कार्यकाल पांच वर्ष का रहता है और कुलपति के कार्यकाल समाप्त होने के पहले से ही नए कुलपति की तलाश शुरू हो जानी चाहिए। लेकिन कई बार पूर्व कुलपति को ही सेकंड टर्म कुलपति नियुक्त कर दिया




जाता है, जिससे कुलपति का कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी नए कुलपति की तलाश के लिए सर्च कमेटी का गठन नहीं हो पाया है। पं. सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी में कुलपति प्रो. बंश गोपाल सिंह का पांच वर्ष का कार्यकाल 2 मार्च को समाप्त हो गया है। प्रो. सिंह का यह ओपन विश्वविद्यालय में कुलपति के रूप में दूसरा कार्यकाल था। पहली बार उनकी फरवरी 2015 में कुलपति पद पर नियुक्ति हुई थी और मार्च 2020 में उनका पहला कार्यकाल समाप्त हुआ था, उसके बाद एक माह का उन्हें एक्सटेंशन मिला था। बाद में उन्हें ओपन यूनिवर्सिटी में सेकंड टर्म कुलपति नियुक्त कर दिया गया और उनका दूसरा कार्यकाल अभी 2 मार्च 2025 में समाप्त हो गया। ओपन यूनिवर्सिटी में अब नए कुलपति की नियुक्ति होना है, किन्तु अभी तक सर्च कमेटी ही नहीं बन पाई है।

यूनिवर्सिटी की ओर से जरूर सर्च कमेटी के लिए कार्य परिषद की अनुशंसा से एक सदस्य का नाम भेज दिया गया है। लेकिन अभी तक इस संबंध में न तो कोई अधिसूचना जारी हुई है और न ही कुलपति के लिए आवेदन तिथि निकाली गई है।

### संभागायुक्त कावरे दो कुलपति के प्रभार पर

दूसरी तरफ पं. सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति का कार्यकाल समाप्त होने पर कुलपति के रिक्त पद पर राजभवन की ओर से बिलासपुर संभागायुक्त महादेव कावरे को ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति का प्रभार सौंपा गया है। इससे संभागायुक्त के श्री कावरे के पास दो-दो यूनिवर्सिटी के कुलपति का प्रभार है। श्री कावरे बिलासपुर के साथ ही रायपुर संभागायुक्त भी हैं। इसलिए उन्हें राजभवन की ओर से कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार यूनिवर्सिटी के कुलपति का प्रभार सौंपा गया है। पत्रकारिता यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. बलदेव भाई शर्मा का कार्यकाल 4 मार्च को समाप्त हो गया है।

### अभी तक अधिसूचना जारी नहीं हुई

ओपन यूनिवर्सिटी में कुलपति प्रो. बंश गोपाल सिंह का कार्यकाल समाप्त हो गया है। संभागायुक्त को यूनिवर्सिटी के कुलपति का प्रभार दिया गया है और उन्होंने कुलपति का प्रभार ग्रहण कर लिया है। नए कुलपति की नियुक्ति के संबंध में अभी तक अधिसूचना जारी नहीं हुई है। यूनिवर्सिटी के कार्य परिषद की ओर से कुलपति चयन समिति के लिए एक सदस्य का नाम पहले ही भेजा जा चुका है।

-भुवन सिंह राज
रजिस्ट्रार, ओपन यूनिवर्सिटी

पर्यवेक्षक ने पार्षदों से बंद कमरे में की वन टू वन बात, भरत, शहजादी, सुनीता के नामों पर रही चर्चा

# आधे पार्षदों ने पर्यवेक्षक के सामने की नेता प्रतिपक्ष बनने की दावेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कांग्रेस के 18 पार्षद जीतकर आए हैं। इनमें से लगभग आधे पार्षदों ने पर्यवेक्षक के सामने स्वयं नेता प्रतिपक्ष बनने दावेदारी की है। पर्यवेक्षक रायपुर के पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने कांग्रेस के निर्वाचित पार्षदों से कांग्रेस भवन में बंद कमरे में वन टू वन रायमशविरा की, उसके बाद कांग्रेस नेताओं से भी इस विषय पर चर्चा की है।

कांग्रेस पार्षदों में अब नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष बनने होड़ लग गई है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक प्रमोद दुबे आज यहां पहुंचे और कांग्रेस भवन में नवनिर्वाचित पार्षदों की बैठक लेने के बाद एक-एक पार्षद से बंद कमरे में वन टू वन बात कर उनकी राय जानने की कोशिश की। उन्होंने निगम में नेता प्रतिपक्ष सहित उप नेता एवं सचेतक के लिए पार्षदों से चर्चा की, किन्तु उनके सामने भी असमंजस की स्थिति तब निर्मित हो गई जब उनसे मिलने वाले पार्षदों में लगभग आधे पार्षदों ने स्वयं नेता प्रतिपक्ष बनने की दावेदारी कर डाली। कांग्रेस के वरिष्ठ पार्षदों में भरत कश्यप, शहजादी कुरैशी, सुनीता जुगल गोयल सहित दिलीप पाटिल, पुष्पेंद्र साहू, अब्दुल इब्राहिम, अमित भारते ने भी नेता प्रतिपक्ष बनने दावेदारी की है, जिसमें से भरत, शहजादी, सुनीता जैसे नामों की प्रमुख चर्चा रही।



कांग्रेस भवन में पर्यवेक्षक प्रमोद दुबे का कांग्रेस नेताओं ने किया स्वागत।

### जिला पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष पर भी ली राय

पर्यवेक्षक प्रमोद दुबे ने नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष के अलावा जिला पंचायत में कांग्रेस के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के उम्मीदवार चयन को लेकर भी नव निर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों सहित कांग्रेस नेताओं से रायशुमारी की। इस दौरान कांग्रेस भवन में शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी, पूर्व विधायक शैलेष पांडेय, महापौर प्रत्याशी प्रमोद नायक, राजेन्द्र शुक्ला, शेख नजरूद्दीन, आदि उपस्थित रहे।

### नगर निगम की राजनीति माउंट एवरेस्ट से कम नहीं

पर्यवेक्षक प्रमोद दुबे ने कांग्रेस भवन में बैठक लेते हुए कहा कि नगर निगम की राजनीति माउंट एवरेस्ट से कम नहीं है। क्योंकि आपको 24 घंटे अपने मतदाताओं के बीच रहना होता है। आपका आचार-विचार, व्यवहार, मिलना जुलना, सहजता और व्यवहार के साथ आपके कार्यों का जनता मूल्यांकन करती है जो आपके अगले चुनाव में परिणाम निर्धारित करता है। उन्होंने कहा कि मैं चार बार अलग-अलग वार्डों से पार्षद रहा। सभापति रहा और 61 हजार से जीतकर महापौर बना पर अब वातावरण बदल गया है। उन्होंने पार्षदों से कहा कि अपने वार्डों में नाली, सड़क, पानी, बिजली की व्यवस्था तो जरूरी है पर अपने वार्डों में कोई ऐसा काम भी करो जो माइल स्टोन बनें, जिसके नाम से आप की पहचान अमिट बन सकें। शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि शहर की सत्ता, सत्ता की सबसे छोटी इकाई है। संगठन के साथ कदम मिलाकर चलना है और अपने वार्डों के विकास के लिए सतत प्रयासरत रहना है। ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह में निवर्तमान महापौर, सभापति, विपक्ष के विधायकों को नहीं बुलाना गलत परंपरा है। भाजपा अभी से निगम में गलत विचार और आचरण लेकर चल रही है, ऐसे किसी भी व्यवहार का विरोध करना है जो जनता से जुड़ा मुद्दा है उसके लिए सड़क से लेकर सदन तक लड़ना पड़ेगा।



# बिलासा महाविद्यालय की छात्राओं ने किया संगीत व योग का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

योग काउंसलिंग और मेडिटेशन क्लब शासकीय विलास कन्या महाविद्यालय द्वारा संगीत और योग - तनमन का संयोग विषय पर सांस्कृतिक और योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय में योग विभाग के सभी योग डिप्लोमाधारी छात्राओं ने योग का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में योग के बारे में चर्चा हुई और दैनिक जीवन में प्रतिदिन किए जाने योग-आसन का अभ्यास कराया गया। जिसमें सुक्ष्म क्रिया, सूर्य नमस्कार, भुजंगासन, तितली आसन, गोमुखासन, मण्डुकासन, सलभासन अर्द्धमत्स्येन्द्रासन, पवनमुक्तासन, चक्रासन प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया गया। इसके साथ ही डिप्लोमाधारी छात्राओं ने योग पिरामिड का प्रदर्शन संगीत के माध्यम से किया। योग में अष्टांग योग, नियम आसन, प्राणायाम प्रत्याहार धारणा ध्यान समाधी की चर्चा की गई। भ्रामरी प्राणायाम में नाद का संबंध संगीत के साथ हमारे मष्तिष्क के लिए बहुत लाभकारी होता है। यह हमारे मानसिक चेतना के लिए बहुत ही



लाभकारी है। योग हमारे सभी चित्त की वृत्तियों को निरोध करने का कार्य करता है। इसीलिए हमें प्रतिदिन कम से कम 48 मिनट योग अभ्यास करना चाहिए। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राध्यापक डॉ विजय कुमार शर्मा मुख्य अतिथि एवं बी आर चौधरी ग्रंथपाल एवं डॉ आर के शर्मा संगीत विभाग विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राध्यापिका डा अंबुज पांडे , डॉ वंदना रानी खाखा, सुश्री चंचल अग्रवाल, डॉ शाजिया अली विशेष रूप से उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में संगीता एवं सविता लकड़ा, डॉ एस के पावर आदि मौजूद थे।

# छात्राओं ने लगाई विज्ञान प्रदर्शनी



बिलासपुर। विज्ञान और नवाचार के प्रति युवाओं को प्रेरित करने के उद्देश्य से गवर्नमेंट बिलासा गर्ल्स पीजी कॉलेज में दो दिवसीय कार्यक्रम विज्ञान क्लब द्वारा आयोजित किया गया। जिसका विषय वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को विज्ञान और नवाचार में सशक्त बनाना था। कार्यक्रम के शुभारंभ में इंटर-कॉलेज मॉडल एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न कॉलेजों के छात्रों ने विज्ञान और तकनीक से जुड़े अपने नवाचारों को प्रदर्शित किया। साथ ही डम्ब शराड्स प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों में रचनात्मकता और टीम भावना को बढ़ावा दिया। मुख्य समारोह में डॉ. श्रीपाल सिंह ने भारत के वैज्ञानिक भविष्य में युवाओं की भूमिका विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करने और शोध व नवाचार में युवाओं की भागीदारी पर जोर दिया। इन-हाउस क्विज प्रतियोगिता और एक्सटेम्पोर प्रतियोगिता में छात्रों ने विज्ञान से जुड़े प्रश्नों और तात्कालिक विषयों पर अपनी ज्ञान और तर्कशक्ति का परिचय दिया। मॉडल एवं पोस्टर प्रतियोगिता का मूल्यांकन करने डॉ. मीना क्षेत्रफल, डॉ. पुष्पा भंडारी, डॉ. निशा तिवारी और डॉ. हेमंत पाल घृतलहरे निर्णायक के रूप में उपस्थित रही। इसमें डॉ. अर्चना पाटले और मनीषा गुप्ता, रश्मि पटेल और गर्गी शुक्ला, डॉ. किरण ठाकुर की भूमिका रही। इसके अतिरिक्त, डॉ. अंजू तिवारी, डॉ. आशा कबीर, डॉ. उषा सिंह और डॉ. आर. एस. लूला ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

# सेक्रो ने दी कोल्ड रूम की सुविधा



बिलासपुर। मंडल सेक्रो ने केन्द्रीय रेलवे अस्पताल में मॉड्यूलर कोल्ड रूम, कंप्यूटर, प्रिन्टर एवं चेयर आदि की सुविधा उपलब्ध कराई है। इस दौरान मंडल के पदाधिकारी व चिकित्सा उपस्थित थे।

सेक्रो बिलासपुर मंडल द्वारा मंगलवार को सेंट्रल रेलवे हॉस्पिटल बिलासपुर में मेडिकल स्टोर रूम के लिए मॉड्यूलर कोल्ड रूम एवं आयुर्वेद स्पेशलिटी क्लीनिक में कंप्यूटर, प्रिन्टर एवं चेयर की सुविधा उपलब्ध कराई गई। जिसका उद्घाटन सेक्रो बिलासपुर मंडल की अध्यक्षा श्रीमती भगवती खोईवाल के करकमलों द्वारा फीता काटकर की। मालूम हो कि चिकित्सालय में मरीजों के लिए उपलब्ध सभी दवाइयों और टीकों को सुरक्षित और ठंडे तापमान में रखने के लिए मॉड्यूलर कोल्ड रूम बेहद जरूरी एवं महत्त्वपूर्ण होता है इससे दवाइयों की गुणवत्ता और प्रभावशीलता बनी रहती है। कर्मचारी हितैषी सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मंडल चिकित्सा विभाग द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अध्यक्षा तथा सदस्याओं का आभार व्यक्त किया गया।

अध्यक्ष ने बताया कि सेक्रो द्वारा समय-समय पर कई जनहित कार्य किए जाते हैं। इस अवसर पर मंडल सेक्रो की सचिव श्रीमती शिप्रा पटेल, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बी जमकियार, अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शांतिपूर्ति, डॉ. सुमित प्रकाश, अपर मुख्य स्वास्थ्य निदेशक डॉ. एस एल मेथ्युस सहित मंडल चिकित्सा विभाग के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# आयुर्वेद चिकित्सा एवं पंचकर्म संस्थान में 5 दिवसीय निःशुल्क शिविर आज से



बिलासपुर। आयुर्वेद चिकित्सा एवं पंचकर्म संस्थान नेहरू चौक में 5 मार्च से 5 दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा एवं जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के डा. मनोज चौकसे ने बताया कि यह शिविर 5 मार्च से 9 मार्च तक रहे। इस शिविर में सभी प्रकार के पाइल्स, फिशर, फिस्टूला आदि रोगों की चिकित्सा परामर्श दिया जाएगा। सभी रोगियों की सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक जांच की जाएगी। 5 दिनों तक आए सभी रोगियों में से 12 रोगियों का नाम चिट पद्धति द्वारा 9 मार्च रविवार को दोपहर 3 बजे निकालकर रोगी की सुविधानुसार शाल्य चिकित्सा क्षारसूत्र कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि राज्य का यह पहला आयोजन है जो प्रतिवर्ष गत 11 से आयोजित रहा है। जिसमें शाल्य चिकित्सा का पूरा व्यय संस्था द्वारा वहन किया जाएगा। शिविर में सेवानिवृत्त डा. मनोहर जी टेकचंदानी, डा. विमल शर्मा, डा. किरण वर्मा, डा. निहारिका सिंह, डा. मनोज चौकसे अपनी निःशुल्क सेवाएं देंगे।

महिलाओं की जनऔषधि सप्ताह में सहभागिता पर कार्यशाला

# महंगी ब्रांडेड दवाइयों का सस्ता विकल्प जन औषधि : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जन औषधि सप्ताह में महिला सहभागिता को लेकर जिला कार्यालय के सभाकक्ष में मंगलवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महापौर पूजा विधानी सहित निगम की 29 महिला पार्षद और बड़ी संख्या में नगर की महिलाएं शामिल हुई। समारोह का आयोजन जिला रेडक्रास सोसायटी द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कलेक्टर अवनीश शरण ने जन औषधियों की महत्ता बताकर समाज में इसकी स्वीकार्यता बढ़ाने के लिए जन जागरूकता बढ़ाने में सहयोग के लिए महिला जनप्रतिनिधियों का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि महंगे ब्रांडेड दवाइयों के सस्ते विकल्प के रूप में जेनेरिक दवाइयां




लोकप्रिय हैं। रेडक्रास सोसायटी की तरफ से महापौर एवं महिला पार्षदों को जेनेरिक दवाईयों से लैस फर्स्ट एड कीट वितरित किए। कलेक्टर अवनीश शरण ने कहा कि 50 से 90 प्रतिशत तक की छूट इन दुकानो में मिलती है। मरीजों की सुविधा के लिए सिम्स एवं जिला अस्पताल में दो जनऔषधि दुकानें रेडक्रास सोसायटी द्वारा चलाई जा रही हैं। शहर में इसके अलावा निजी तौर पर 10 जनऔषधियां दुकान संचालित हैं। महापौर पूजा विधानी ने कहा कि जनऔषधियां गरीबों के लिए वरदान साबित हुई हैं। गुणवत्ता में ब्राण्डेड दवाईयों के समकक्ष होने के साथ काफी सस्ती होती हैं।

### महिला दिवस पर रक्तदान शिविर 8 को

कलेक्टर ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर 8 मार्च को शहर में विशाल ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। कैम्प जल संसाधन विभाग के प्रार्थना सभाकक्ष में सुबह 10 बजे से शुरू होगा। अब तक 76 लोग ब्लड दान के लिए पंजीयन करा चुके हैं। कार्यशाला में जिला पंचायत सीईओ संदीप अगव्राल, सीएमएचओ डॉ. प्रमोद तिवारी, सोसायटी के चेयरमेन व्हीएल गोयल, प्रणय मजुमदार सहित रेडक्रास सोसायटी की कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित थे।

# सिविल डिफेंस की स्पेशल टीम ने किया अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण का आयोजन



बिलासपुर। सिविल डिफेंस की स्पेशल टीम द्वारा रेलवे स्टेशन के गेट नं 1 के स्थित डोम में मंगलवार को अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों में आग लगने की स्थिति से निपटने के लिए कर्मचारियों और यात्रियों को जागरूक एवं प्रशिक्षित करना था। इस दौरान टीम के विशेषज्ञों ने आग बुझाने के विभिन्न तरीकों, अग्निशमन उपकरणों के सही उपयोग और सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी दी साथ ही त्वरित प्रतिक्रिया और सुरक्षित निकासी की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया । यह जानकारी वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने दी।

## खबर संक्षेप



### बेलतरा में पंच, सरपंच ने किया शपथ ग्रहण

**बेलतरा।** ग्राम पंचायत बेलतरा में सरपंच एवं पंचों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बेलतरा तहसीलदार शशांक शेखर शुक्ला, विधायक प्रतिनिधि उमेश गौरहा, शंकर दयाल शुक्ला, जागेंद्र कश्यप, रामरतन कौशिक, मणिदास, पद्धुम सिंह कोरम एवं ग्राम के नागरिक उपस्थित रहे। तहसीलदार शशांक शेखर शुक्ला ने सरपंच सुरेश कश्यप सहित 20 पंचों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण कार्यक्रम दो पाली में संपन्न हुआ जिसमें पहल सरपंच एवं दूसरी पाली में 20 पंचों ने शपथ ली।

### सरपंच दीपक सहित 11 पंचों ने ली शपथ



**मल्हार।** सोमवार को ग्राम पंचायत बुढीखार के नवनिर्वाचित सरपंच डॉ दीपक लहरे व 11 पंचों ने शपथ लेकर पदभार ग्रहण किया। भाजपा पार्षद सुशील राजा चौबे, रमेश बड़े यादव, मीलूराम कैवर्त, गणेशदत्त राजू तिवारी व बुढीखार के पूर्व सरपंच व ग्रामीणों की उपस्थित में सचिव ने जनप्रतिनिधियों को पदभार ग्रहण करवाया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों व नवनिर्वाचित पंचों का तिलक लगाकर साफा गमछा भेंटकर स्वागत किया गया। नवनिर्वाचित सरपंच व पंचों ने शपथ के साथ पंचायत में पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से कार्य करने की शपथ भी ली। सरपंच ने कहा कि पंचायत में विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। ग्रामीणों की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने का भरपूर प्रयास रहेगा। सभी के सहयोग से ग्राम बुढीखार में विकास किया जाएगा। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बुढीखार के सभी जनप्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित रहे।

### ठकुरीकापा के सरपंच पंचों ने ली शपथ



**जरहागांव।** ठकुरीकापा में नवनिर्वाचित सरपंच रानी बंटी जायसवाल व समस्त पंचों को सचिव भरत गोस्वामी ने शपथ ग्रहण कराई। वहीं रोजगार सहायक श्याम दास कोसले ने सरपंच को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान रानी बंटी जायसवाल सरपंच, नागेश्वर जायसवाल भाजपा मण्डल अध्यक्ष, भरत गिरी गोस्वामी पंचायत सचिव, श्याम दास कोशले ग्राम रोजगार सहायक, नकुल डिंडोले तकनीकी सहायक सहित पंच इंकु जायसवाल, रिंकी पटेल, सविता निषाद, अमरीका सोनकर, सुवासीन सोनकर,चन्द्रिका सोनकर, सुखिन बाई खांडे, स्नेहा पाली, ईश्वरी साहू, प्रेमी साहू, रत्ना ध्रुव, कामनी सोनकर, ईश्वरी लहरे,सैन दास कोशले, ठाकुर राम सोनकर, दिलीप जायसवाल लखन साहू, दिनेश सोनकर, जीतेन्द्र नट एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## निधन

### दिनेश साहू



**बिलासपुर।** चिंगराजपारा वार्ड क्रमांक 53 निवासी दिनेश साहू का 4 मार्च को निधन हो गया। वे 46 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे समारू के भाई, निखिल के पिता और धरम साहू के चाचा थे।

## निर्वाचन की गहमा-गहमी के बीच भाजपा ने फहराया जीत का परचम

# निर्विरोध जपं अध्यक्ष चुनीं गईं माधवी, राकेश बने उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

जनपद पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद पर भाजपा ने निर्विरोध कब्जा जमाया है। जनपद पंचायत अध्यक्ष के रूप लिए भरनी क्षेत्र से जनपद सदस्य डॉ माधवी संतोष वस्त्रकार निर्विरोध निर्वाचित हुईं। वहीं सागर क्षेत्र से जनपद सदस्य राकेश तिवारी को निर्विरोध जनपद उपाध्यक्ष निर्वाचित चुना गया। जनपद पंचायत तखतपुर में आज सुबह से ही अध्यक्ष उपाध्यक्ष निर्वाचन को लेकर गहमा-गहमी का माहौल रहा।

प्रत्याशी चयन को लेकर कांग्रेस दूर-दूर तक नजर नहीं आई एवं भाजपा ने निर्विरोध अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का चयन कराकर अपनी ताकत का परिचय दिया। जनपद पंचायत में दोपहर 1 बजे से निर्वाचन प्रक्रिया शुरू हुई। निर्वाचन अधिकारी नितीन तिवारी के समक्ष भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी दाखिल डॉ माधवी ने नामांकन जमा किया। दूसरा नामांकन नहीं आने से अध्यक्ष पद पर डॉ माधवी को निर्विरोध निर्वाचित किया गया। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए भाजपा ने राकेश तिवारी को अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया था इनके विरूद्ध भी कोई नामांकन दाखिल नहीं हुआ एवं इनको उपाध्यक्ष चुना गया। निर्वाचन अधिकारी ने अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को जीत का प्रमाण पत्र दिया। आज चुनाव में भाजपा की एकजुटता और ताकत दिखी। विधायक धर्मजीत सिंह ने तखतपुर जनपद पंचायत क्षेत्र अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को निर्विरोध निर्वाचित होने पर दोनों जनप्रतिनिधियों को बधाई दी और कहा कि यह देश और प्रदेश के मुखिया के विकास की गारंटी का रथ है, जो जनपद पंचायत में भी जनता के विश्वास से चलेगा। जनता ने जिन जनपद सदस्यों को विकास की जवाबदारी दी है, उसे सुनिश्चित करने के लिए आज अध्यक्ष-उपाध्यक्ष निर्वाचित कर सरकार के प्रति जो आस्था दिखाई है उससे यह तय है कि पूरे क्षेत्र में चौतरफा विकास होगा। इस अवसर पर संतोष कौशिक, विशाल सिंह, सौरभ पाण्डेय, राकेश छाबड़ा, वरूण सिंह, बाला सिंह, अमित मंदानी, बंशी पांड़े, गुलजीत खुराना, नयन लाल साहू, संतोष कश्यप, गरीबा यादव, दिनेश साहू, प्रमोद ठाकुर, नितेश मिश्रा सहित अन्य उपस्थित रहे।



क्षेत्रीय विधायक धर्मजीत सिंह के साथ अध्यक्ष व उपाध्यक्ष।

सरकार के प्रति विश्वास- नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ माधवी वस्त्रकार ने कहा कि आज की जीत जनता के विश्वास की जीत है। भाजपा ने जिस विश्वास से मुझे प्रत्याशी बनाया है पूरे क्षेत्र में चौतरफा विकास कर उसे विश्वास पर खरी उतरूंगी। उन सभी कार्यकर्ताओं को भरोसा दिलाती हूं जिन्होंने मुझे निर्वाचित कर जनपद पंचायत भेजा है उनके लिए और क्षेत्र की जनता के लिए हमेशा समर्पित रहुंगी।जनता के विश्वास की जीत- नवनिर्वाचित जनपद उपाध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा कि सागर मईया का आशीर्वाद है और आज की जीत जनता के विश्वास की जीत है। मुझे पार्टी ने जवाबदारी दी है उसे पूरा करूंगा और क्षेत्र के भावनाओं के अनुरूप कार्य करूंगा।

## सरगांव को नगर पंचायत हमने बनाया: विधायक धरमलाल



विधायक धरमलाल कौशिक के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी व अन्य।

**सरगांव।** मंगलवार को पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक धरमलाल कौशिक, प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी की उपस्थिति में नगर पंचायत सरगांव के नवनिर्वाचित नगर अध्यक्ष परमानंद साहू सहित भाजपा व कांग्रेस के पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी भरोसा राम ठाकुर ने नव निर्वाचित प्रत्याशियों को शपथ दिलाई। कांग्रेस पार्टी के निर्वाचित पार्षदों ने शपथ ग्रहण समारोह के बाद आरोप लगाया कि यह आयोजन सरकारी न होकर भाजपाई है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि धरमलाल कौशिक ने कहा कि यह आपका आशीर्वाद है कि आज 10 सालों बाद भाजपा का अध्यक्ष जीता है। नगर में उद्यान, अस्पताल, सीसी रोड, सभी का निर्माण हमारी सरकार ने कराया। विगत 10 सालों में कांग्रेस का अध्यक्ष रहा परंतु एक भी ऐसा विकास कार्य नहीं हुआ जिससे नगर को पहचान मिले। ग्राम पंचायत सरगांव को नगर पंचायत सरगांव हमने बनाया, हमारा नारा है हमने बनाया है और हम ही संवारेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य अंबालिका साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष कैलाश सिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष पोषण यादव, रिंकू सिंह ठाकुर, निश्चल गुप्ता,काली कौशिक, रणजीत सिंह, दिनेश जायसवाल,रघु सिंह ठाकुर, उदित साहू, मुरली कौशिक, भेखचंद साहू, भरत साहू सहित सभी 14 पार्षद तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित हुए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरगांव में भारतीय जनऔषधि केंद्र का उद्घाटन विधायक धरमलाल कौशिक द्वारा किया गया। श्री कौशिक ने इस अवसर पर कहा कि मोदीजी की महत्वाकांक्षी योजना है जन औषधि योजना अब जन-जन तक पहुंच कर औषधि का काम करेगी यह बीजेपी की सरकार ही है जो लोगों के मकान से लेकर स्वास्थ्य तक की चिंता करती है।

### दुकान की दी गई चाबी

कुछ समय पूर्व नगर पंचायत ने खुली बोली लगाकर बस स्टैंड व्यवसायिक परिसर की बिक्री की थी जिनका उद्देश्य नगर में अनुकूल व्यापारिक माहौल बनाना है ताकि नगर का व्यवसाय बढ़ सके और लोगों का रोजगार बढ़े सबसे इसी क्रम में ऊंची बोली लगाकर दुकान खरीदने वाले दुकानदार जितेंद्र यादव को दुकान की चाबी दी गई।

## शपथ ग्रहण समारोह के दौरान चावल से तौले गए सरपंच



**मोपका।** ग्राम पंचायत रॉक के नवनिर्वाचित सरपंच विक्रम प्रताप सिंह सूर्यवंशी सहित पंचों ने पद की शपथ लेकर ग्राम के विकास में एकमत होकर काम करने का संकल्प लिया। सरपंच विक्रम प्रताप सिंह ने कहा कि ग्राम पंचायत रॉक की भलाई मेरी पहली प्राथमिकता है। लोगों के आशीर्वाद से बतौर सरपंच यह हमारे परिवार की दूसरी पारी हैं जिसमें हम खरा उतरेंगे। मस्तूरी विकास खंड के करारोपण अधिकारी अशोक कुमार साहू ने सभी शपथ दिलाई। जनपद सदस्य रेवा शंकर साहू, सचिव श्याम लाल पन्नौरे सहित गांव के प्रबुद्धजन में जगदीशपुरी गोस्वामी, धरम पाटनवार, लुटा राठौर, लीला बाई केवट, संतोष प्रजापति, केदानाथ मांजरे, पुनाराम खरे, काली भूपेंद्र, मानाराम, विनोद राठौर, बाकी सोनकर, सोनू पाण्डेय, संदीप यादव, श्याम कार्तिक सूर्यवंशी, गंगा धर, देवानंद, फोटो बाई, विकास कुमार, दिलीप, दिनेश, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। ग्रामीणों ने घरों से लाए चावल से सरपंच को तौला। सरपंच विक्रम प्रताप सिंह सूर्यवंशी व श्याम कार्तिक सूर्यवंशी ने सबका आभार जताया।

## जपं अध्यक्ष रामकमल, उपाध्यक्ष पुष्पलता निर्विरोध निर्वाचित

**मुंगेली।** जनपद पंचायत मुंगेली में रामकमल सिंह परिहार निर्विरोध अध्यक्ष एवं पुष्पलता मोहले निर्विरोध उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। इस अवसर पर जनपद पंचायत से जुलूस निकाला गया जो मुख्य मार्गों से होते हुए जिला भाजपा कार्यालय पहुंचा। इसके पश्चात नगर भ्रमण किया गया। जनपद पंचायत मुंगेली में जनपद अध्यक्ष चुनाव में भाजपा से अध्यक्ष पद के अधिकृत प्रत्याशी रामकमल सिंह परिहार ने निर्वाचन अधिकारी पार्वती पटेल के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया। इनके प्रस्तावक जनपद क्षेत्र क्रमांक 2 छटन से जनपद सदस्य खोरबहरीन लालाराम साहू एवं समर्थक जनपद क्षेत्र क्रमांक 5 पौनी से जनपद सदस्य किरन गिरवर धृतलहरे रहे। नाम निर्देशन के निर्धारित समय तक अन्य किसी भी अन्य प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल नहीं किया। नामांकन की स्क्रूटनी आदि के बाद एक ही प्रत्याशी होने के कारण रामकमल सिंह परिहार को निर्वाचन अधिकारी पार्वती पटेल ने निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किया। अध्यक्ष चुने जाने के पश्चात जनपद में उपाध्यक्ष चुनाव में भाजपा से उपाध्यक्ष पद के अधिकृत प्रत्याशी पुष्पलता पदमनी मोहले ने निर्विरोध जीत दर्ज की। विजयी अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को निर्वाचन अधिकारी पार्वती पटेल ने निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर जनपद पंचायत से विजय जुलूस निकाला गया जिसमें विधायक पुन्नूलाल मोहले, पूर्व सांसद लखनलाल साहू, पूर्व विधायक विक्रम मोहले, गिरीश शुक्ला, शंकर सिंह, केदार सिंह, मानसप्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, लोकनाथ सिंह, शैलेश पाठक, सुनील पाठक, रामफल साहू, पवन पांडेय, श्रीकांत पांडेय, शैलेन्द्र तिवारी, दिलेश्वर राज साहू, पदमनी मोहले, राणाप्रताप सिंह, नंदकुमार सिंह, मोहन मल्लाह, उमाशंकर साहू सहित बड़ी संख्या में नगर व ग्रामीण क्षेत्र के भाजपा नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## दूसरी बार जनपद अध्यक्ष बनीं वर्षा, राजेन्द्र बने उपाध्यक्ष



**लोरमी।** जनपद पंचायत के चुनाव में ग्राम गोड़खामही से निर्वाचित जनपद सदस्य भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह निर्विरोध जनपद अध्यक्ष चुनी गईं। वहीं राजेन्द्र साहू को उपाध्यक्ष चुना गया। दोनों निर्विरोध अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को एसडीएम अजीत पुजारी ने प्रमाण पत्र प्रदान किया। गौरतलब है कि वर्षा सिंह इसके पहले वर्ष 2013 से 2018 तक जनपद अध्यक्ष का दायित्व सफलता पूर्वक निभा चुकी हैं। 2025 में फिर से निर्विरोध जनपद अध्यक्ष चुने जाने पर उनके गांव बोडतराकला, गोड़खाम्ही सहित नगर में खूब आतिशबाजी हुई। जनपद उपाध्यक्ष के लिए डिंडौरी क्षेत्र से निर्वाचित जनपद सदस्य राजेन्द्र साहू निर्विरोध चुने गए हुए हैं। वे इससे पहले ग्राम डिंडौरी के सरपंच रह चुके हैं।सभी नवनिर्वाचित जनपद सदस्य निर्धारित समय पर कार्यालय पहुंच लेकिन वर्षा सिंह के अलावा किसी अन्य सदस्य ने अध्यक्ष के लिए नामांकन नहीं भरा। ठीक इसी तरह से राजेन्द्र साहू को उपाध्यक्ष निर्विरोध उपाध्यक्ष बनाया गया।

## हरनाचाका में भव्य शपथ ग्रहण समारोह

**लालपुर।** मुंगेली के ग्राम पंचायत हरनाचाका में सरपंच व पंचों के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य आयोजक नवनिर्वाचित सरपंच नारायण सिंह राजपूत व ग्रामीणों के सहयोग से शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। दारा सिंह राजपूत, संतोषी, परमेश्वर सिंह ठाकुर, अशोक ठाकुर की उपस्थिति में शपथ ग्रहण किया गया। इस दौरान सरपंच नारायण सिंह राजपूत ने गांव के विकास का संकल्प लिया।

## बिल्हा जनपद में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष बने निर्विरोध



**बिल्हा।** विधानसभा बिल्हा के जनपद पंचायत में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के चुनाव भाजपा समर्थित रामकुमार कौशिक निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए एवं विक्रम सिंह निर्विरोध उपाध्यक्ष चुने गए। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने जनपद पंचायत बिल्हा के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के अध्यक्ष रामकुमार कौशिक एवं उपाध्यक्ष विक्रम सिंह को निर्विरोध निर्वाचित होने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि जनता भाजपा को अपना आशीर्वाद लगातार दे रही है। भारतीय जनता पार्टी लोगों के हितों के लिए काम कर रही है। ये जनता और भारतीय जनता पार्टी पर अटूट विश्वास है जो कभी नहीं टूटने वाला। उन्होंने कहा यह जीत भाजपा की जनहितैषी नीतियों और संगठित प्रयासों की देन है। सभी ने मिलकर चुनाव लड़ा ओर एकजुटता के चलते भाजपा की ऐतिहासिक जीत हुई है। इस जीत से स्पष्ट है मोदी की गारंटी के प्रति एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति जनता का विश्वास और मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा आने वाले समय में हम और मजबूती से जनता की सेवा करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि जनता ने कांग्रेस को पूरी तरह नकार दिया है। जनता ने केंद्र और राज्य सरकार के जनकल्याणकारी नीतियों, योजनाओं पर भरोसा करते हुए अपना फैसला किया है। इस अवसर पर बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सावन्नी, डॉ देवेंद्र कौशिक, जनपद सदस्य, प्रमुख पदाधिकारी एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गांव बनें आधुनिक विकास का केंद्र: रामरूपदास



**लोरमी।** ग्राम पंचायत डिंडोल में सरपंचों के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि रामरूप दास महाराज, राम जानकी मंदिर सेतगंगा के महंत राधेश्याम महाराज और चित्तौड़गढ़ राजस्थान से आए विजय आनंद महाराज आर्शीवाद देने पहुंचे। डिंडौल की सरपंच प्रतिमा राजकुमार साहू को संत समाज ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर संत रामरूप दास ने कहा कि पंचों को ही परमेश्वर का दर्जा दिया गया है। राधेश्याम महाराज ने कहा कि आजकल युवाओं में नशा अधिक व्याप्त हो रहा है, नई पीढ़ी के अंदर सेवा और स्वच्छता आदि का संस्कार बहुत आवश्यक है। साथ ही उन्होंने कहा कि बैठकों और चर्चाओं से गांव के विकास की तस्वीर बदलेगी, हम सब एक रहेंगे तो प्रशासन भी सजाकता पूर्वक हमारे गांव के विकास में ध्यान देगा। पूर्व फौजी संतोष साहू ने कहा कि इस शपथ ग्रहण समारोह में सभी संत जनों का पावन सानिध्य मिला है। हमारे ग्राम में पहली बार किसी महिला को प्रतिनिधित्व का अवसर मिला है। निश्चित रूप से यह समय ग्राम में बदलाव की नई बयार लेकर आएगा। सरपंच प्रतिनिधि सुरेंद्र साहू ने कहा कि क्षेत्र के विधायक और केंद्रीय मंत्री के आशीर्वाद से हमारा गांव सबसे सशक्त और आदर्श ग्राम बनेगा। केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने शपथ ग्रहण के पूर्व ही हमारे ग्राम पंचायत के विकास के लिए 10 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। अस अवसर पर उपस्थित अतिथियों को पुष्पगुच्छ व गमछा भेंटकर सम्मानित किया गया।

## छह वर्षों के अंतराल के बाद किया जाएगा आयोजन

# मल्हार महोत्सव के लिए कलेक्टर-एसपी ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार

कलेक्टर अवनीश शरण एवं एसपी रजनेश सिंह ने मंगलवार को मल्हार महोत्सव के संबंध में बैठक ली। यह बैठक नगर पंचायत के सभा कक्ष में आयोजित की गई थी। गौरतलब हो कि 6 वर्ष के लंबे अंतराल के बाद एक फिर से मल्हार महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

आखिरी बार यह महोत्सव वर्ष 2018 में आयोजित किया गया था। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष धनेश्वरी कैवर्त, सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल, एडीएम शिव कुमार बनर्जी, मस्तूरी एसडीएम प्रवेश पैकरा, सीएमओ मनीष सिंह, समिति के सदस्य, पार्षद, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं जिला स्तर के अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर ने स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं समिति के सदस्यों से महोत्सव के स्वरूप को लेकर चर्चा की। उन्होंने एसडीएम को स्थानीय स्तर पर बैठक कर विस्तार से महोत्सव की कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि केन्द्रीय आवासन एवं शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू की मांग पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मल्हार महोत्सव फिर से शुरू करने की घोषणा की थी।



### माता डिडनेश्वरी का लिया आशीर्वाद

बैठक से पहले कलेक्टर व एसपी डिडनेश्वरी मंदिर पहुंचे जहां उनका स्वागत ट्रस्ट के सदस्यों ने चुनरी पहनाकर किया। पूजन दर्शन के बाद ट्रस्ट कार्यालय में सदस्यों से चर्चा हुई जिसमें सदस्यों ने कुछ महत्वपूर्ण कार्य कराने कलेक्टर को आवेदन दिया तथा मंदिर की गतिविधियों की जानकारी दी।

### लोक कलाकारों का पुराना मंच

लोक कला व संस्कृति के सबसे पुराने मंच 'मल्हार महोत्सव' के नहीं होने से क्षेत्रवासियों में मायूसी थी। परन्तु छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने लोक परंपरा को ध्यान में रखते हुए फिर से भव्य आयोजन शुरू कराने के लिए फंड जारी कर दिया है। लोककला, लोक संस्कृति, एकता और सामाजिक समरसता की भावना को मजबूती प्रदान करने एवं आम जनता को छत्तीसगढ़ी गीत-संगीत से जोड़ने के लिए तत्कालीन मध्यप्रदेश सरकार द्वारा 1986 में मल्हार महोत्सव प्रारंभ किया गया था। ।




हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, बुधवार 5 मार्च 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



आयोजन

## छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति को जानना है तो डॉ. पालेश्वर शर्मा को जानना होगा



**बिलासपुर।** राजभाषा आयोग के अष्टम अधिवेशन में प्रथम दिवस पर द्वितीय सत्र पुरखा के सुरता अंतर्गत छत्तीसगढ़ी साहित्य की स्मृति शेष पांच विभूतियों डॉ. पालेश्वर प्रसाद शर्मा, दानेश्वर शर्मा, संत पवन दीवान, डॉ. विमलकुमार पाठक एवं मुकुंद कौशल के प्रदेय पर सारगर्भित चर्चा हुई। इस सत्र की अध्यक्षता डॉ. विनय पाठक ने की तथा भाषाविद डॉ. चित्तरंजन कर ने छत्तीसगढ़ी साहित्य की विकास यात्रा को रेखांकित किया। डॉ. पालेश्वर प्रसाद शर्मा के प्रदेय का निरूपण करते हुए डॉ. देवधर महंत ने कहा कि छत्तीसगढ़, छत्तीसगढ़ी भाषा और छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति को जानना है तो डॉ. पालेश्वर प्रसाद शर्मा को जानना होगा। उनके दुर्लभ शोध प्रबंध छत्तीसगढ़ के कृषक जीवन की शब्दावली और उनकी कृतियों को पढ़ना होगा। डॉ. महंत ने आगे कहा कि डॉ. शर्मा ने छत्तीसगढ़ी में अनेक कालजयी कहानियां लिखकर और छत्तीसगढ़ी में ललित निबंध सृजन कर दिया। छत्तीसगढ़ी गद्य को न केवल समृद्ध किया, बल्कि बहुत ऊंचाइयां दी। उनके छत्तीसगढ़ी ललित निबंध तुलनात्मक रूप से हिंदी के ललित निबंधों पर भारी पड़ेंगे। 125 सप्ताह तक धारावाहिक गुड़ी के गोठ लिखकर उन्होंने छत्तीसगढ़ी भाषा का वृहद पाठक वर्ग तैयार किया।



कार्यक्रम

## महिलाओं ने किया सुखमनी साहिब का पाठ मैहड़ दरबार में मनाया गया चंद्र महोत्सव



**बिलासपुर।** मैहड़ दरबार बिलासपुर स्थित दरबार साहिब में इस माह भी चंद्र महोत्सव मनाया गया। महिलाओं ने सुखमनी साहिब का पाठ किया। रात्रि में भजन, कीर्तन, सत्संग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु नानकदेव और बाबा थावर दास साहेब की फोटो पर पुष्प अर्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। भाई साहब कुंदन डोडवानी ने सत्संग की शुरुआत गुरु नानक देव की गुणवानी से की। उन्होंने सत्संग में फरमाया कि जिसने सेवा की है उसने सब कुछ पाया है और रोज बंदगी कर जब तक है सांस में सांस है। जो भी सेवा करो भाव से करो। भाव से की गई सेवा ही सच्ची सेवा होती है। उन्होंने कहा कि सौ काम छोड़कर स्नान करें। हजार काम छोड़कर खाना खाएं। लाख काम छोड़कर संतों की सेवा करें। करोड़ काम छोड़कर हरि का नाम जपें, पर आजकल यह सब नहीं हो रहा है। जिसके कारण जीवन में दुख, तकलीफ, परेशानियां आ रही है। यश डोडवानी ने भक्तिमय भजन पेश किए। अंत में प्रार्थना कर प्रसाद वितरण किया गया। आम भंडारा में भक्तजनों ने गुरु का प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बाबा थावर दास बाबा मैहड़ दरबार के सभी सेवादारों का सहयोग रहा। श्री डोडवानी ने कहा कि जब भी किसी की सेवा करते हैं तो सच्चे मन और भाव से करें। घर में खाना भी अच्छे मन से बनाएं। भगवान को ध्यान में रखकर, नाम जपकर बनाएंगे तो उसमें भी अमृत रूपी स्वाद आ जाएगा।

धर्म-क्षेत्र

## मसीहियों के 40 दिनों का लेंट पर्व आज से होगी प्रतिदिन संध्या प्रार्थना, आराधना




**बिलासपुर।** मसीहियों के 40 दिनों का लेंट पर्व बुधवार 5 मार्च से प्रारंभ होकर 13 अप्रैल तक चलेगा। चर्च के चालीस परिवारों में हर दिन संध्या प्रार्थना एवं आराधना होगी। क्वायर ग्रुप के नौजवानों द्वारा मसीही गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। उपदेशक द्वारा प्रवचन दिया जाएगा। लोग आत्म विभोर होकर ईश्वर की आशीषों को अपने जीवन में ग्रहण करेंगे। चर्च ऑफ़ ख्राइस्ट सीएमडी चौक बिलासपुर के पास्टर सुदेश पॉल ने बताया कि प्रभु यीशु के क्रूस पर चढ़ाए जाने के पूर्व जो यातनाएं और दुख उन्होंने सहा, इस वेदना और पीड़ा को स्मरण करते हुए मसीही जन 40 दिनों का उपवास रखकर ईश्वर के प्रति अपने को समर्पित कर भक्ति पूर्ण जीवन जीने का प्रयास करेंगे। इस 40 दिनों के उपवास काल का संबंध धर्मशास्त्र बाइबल के 40 अंकों पर आधारित है। बाइबल के पुराने विधान में जब जल प्रलय से पृथ्वी नष्ट हुई थी तब 40 दिन और 40 रात वर्षा हुई थी। इन दिनों प्रभु यीशु मसीह बपतिस्मा लेकर चालीस दिन और रात जंगल में रहकर निराहार रहे। यीशु मृतकों में से जीवित होने के बाद ठोस प्रमाणों के साथ लोगों को 40 दिनों तक दिखाई देते रहे। इन्हीं संदर्भों के आधार पर मसीहियों द्वारा 40 दिनों का लेंट पर्व मनाया जाता है ।

फागोत्सव की धूम

नगाड़े की थाप पर हर कोई थिरकेगा

# होली के रंग में जमकर उड़ेंगे गुलाल फाग की टोलियां जमाएंगी खूब रंग



रंगों का पर्व होली को महज कुछ दिन रह गए है,गुलाल का रंग और नगाड़े का ठाप अगर नहीं बजा तो होली अधूरी हो जाती है, शहर में फाग गायन की टोलियां इस तैयारी में जोरों-शोरों से लगी हुई है। होली जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, नई और पुरानी टोलियों ने होली में फाग गायन की परंपरा को निभाने के लिए तैयारी शुरू की है, इसके लिए होली के साजो-सामान भी बाजार में सज चुके हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इस बार भी त्यौहार से पहले नगाड़े की दुकानें सजने लगी हैं, उत्सव की तैयारी को लेकर जब टोलियों से जुड़े कलाकारों से बात की गई, तो उन्होंने कई रोचक जानकारियां दीं फाग गायकों का कहना है कि फागोत्सव अब नए कलेवर में समाज के बीच होने लगे हैं। मोहित साहू ने बताया कि अब लोगों के पास समय नहीं है, लेकिन ऐसा भी नहीं है कि परंपराओं को लोग भूल रहे हैं। अब होली से तीन दिन पहले से लेकर रंग पंचमी के बीच कई जगह आयोजन होते हैं। इसके लिए सजाई जाने वाली महफिल में अपनी छाप छोड़ने के लिए लोग हर दौर के फाग गीत रंग डारो रंग डारो राधा बिचारी ल., मुख मुरली बजाए, बरजे यशोदा मईया जैसे गीत गाते हुए उत्सव की परंपरा बखूबी निभाते हैं। कॉलोनियों में इस तरह के आयोजन की बुकिंग कराते हैं।



### म्युजिकल होली में युवा थिरकेंगे

वर्तमान दौर में होली उत्सव मनाने का स्वरूप भी बदला है, बड़े-बड़े होटलों में म्युजिकल होली का भी चलन खूब चल रहा है। निजी हॉटल में युवा बड़ी संख्या पानी के फब्बारे के साथ वॉलीबुड सांग में जमकर थिरकते है। इन जगहों में भी बड़े-बड़े आयोजन होते है।

### फाग गायन का क्रेज

पारंपरिक व भगवान के गीतों का चलन ज्यादा फाग टोली के अवधेश शर्मा ने बताया की फागोत्सव में फाग गायन का क्रेज कभी खत्म नहीं होने वाला है। इस बार भी आयोजनों व प्रतियोगिताओं के लिए अलग-अलग क्षेत्र से बुलावा मिलने लगा है। इसे देखते हुए हम लोगों ने भी उत्सव को खास बनाने के लिए गीतों का अभ्यास शुरू किया है। भगवान व पारंपरिक गानों की मांग अधिक रहती है।

### मोहल्लों में जमेगी महफिल

होली में भी गली-मोहल्लों और कॉलोनियों में नगाड़ों की थाप के साथ ही फाग गीतों की धूम मचने वाली है। इसके लिए सड़क किनारे नगाड़े की दुकानें सजने लगी हैं। होली गीतों की प्रस्तुति देने वाली टोलियों को फागोत्सव के लिए बुकिंग ही नहीं, बल्कि प्रतियोगिताओं का हिस्सा बनने के लिए 4 से 6 अवसर भी मिले हैं। इससे हर क्षेत्र में परंपरा को जिंदा रखने की पहल होने वाली है, इसके लिए तैयारी तेज हो गई है।

## राष्ट्रीय एकता शिविर में छत्तीसगढ़ी कला, संस्कृति का अद्भुत प्रदर्शन

### रासेयो स्वयंसेवकों ने दी लोक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति

भारत सरकार युवा एवं खेल मंत्रालय ने केरल के पलक्कड़ शहर में सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर का आयोजन किया। इसमें गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर के रासेयो स्वयंसेवकों ने भाग लेकर छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य का मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया।





**बिलासपुर।** शिविर के प्रतिभागी रासेयो स्वयंसेवक वेदप्रकाश बरेठ, नमामि त्रिपाठी और अंशु निधि खलखो ने बताया कि इस सात दिवसीय शिविर में उन्हें अपने छत्तीसगढ़ की संस्कृति को राष्ट्रीय मंच के माध्यम से रखने का बढ़िया मौका मिला। इसके तहत उनके द्वारा सुआ, कर्मा, पंथी, राउत नाचा का पारंपरिक वेश में प्रस्तुति दी गई। इस प्रस्तुति में अपनी कला, संस्कृति और परंपरा का अद्भुत प्रदर्शन देखने को मिला। जिसे उपस्थित सभी लोगों ने पसंद किया। इसके अलावा सांस्कृतिक, बौद्धिक तथा एडवेंचर गतिविधियों के माध्यम से स्वयंसेवकों ने अपने व्यक्तित्व व साहसिक प्रतिभा का विकास किया। राष्ट्रीय एकता शिविर में सफलता पूर्वक सहभागिता के लिए गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल, रासेयो कार्यक्रम समन्वयक प्रो. दिलीप झा, राज्य एनएसएस अधिकारी नीता बाजपेई एवं राजकुमार वर्मा ने प्रतिभागी बच्चों को शुभकामनाएं दी है।

## प्रकृति को देखें केयर टेकर के रूप में : बीके स्वाति



**बिलासपुर।** विश्व वन्य जीव दिवस, जो जैव विविधता की सुरक्षा और संरक्षण पर केंद्रित होता है, आध्यात्मिकता और मानवीय चेतना की दृष्टि से हमें अपने अस्तित्व और प्रकृति के बीच के गहरे संबंध को पुनः खोजने का एक सुंदर अवसर प्रदान करता है। प्रकृति को अपनी "संपत्ति के रूप में" नहीं बल्कि एक संरक्षक व केयर टेकर के रूप में देखें।

ये बातें प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की मुख्य शाखा पुराना बस स्टैंड रोड स्थित राजयोग भवन की संचालिका बीके स्वाति दीदी ने विश्व वन्य जीव दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि यह केवल जानवरों को बचाने या पेड़ लगाने की बात नहीं है, यह मनुष्य और प्रकृति के बीच खोए हुए सामंजस्य को पुनर्जीवित करना है। एक ऐसा संतुलन जो कभी अस्तित्व में था और फिर से हो सकता है। हम प्रकृति को हमेशा कुछ बाहरी चीज़ जंगल, समुद्र और वन्य जीव के रूप में देखते हैं, पर सच तो यह है कि हमारा शरीर भी मिट्टी, जल, वायु, अग्नि और आकाश आदि तत्वों से मिल कर बना है। यदि हम पेड़ काटते हैं, तो हमारी सांस लेने वाली हवा प्रभावित होती है। यदि हम जल को प्रदूषित करते हैं, तो हमारे शरीर में मौजूद जल भी प्रभावित होता है। यदि हम पशुओं का शोषण करते हैं, तो हमारी स्वयं की करुणा की भावना कमजोर हो जाती है। यह ग्रह केवल हमारा नहीं है बल्कि यह सभी जीवों का भी है।

विश्व वन्य जीव दिवस पर राजयोग भवन में कार्यक्रम



### धरती मां के प्रति रखें आदर का भाव

स्वाती दीदी ने कहा कि जल, वायु और भोजन के प्रति कृतज्ञता का भाव रखें। हर दिन 5 मिनट शांत होकर बैठें और धरा को शांति का कंपन भेजें। कई शोध से पता चला हैं कि जहां लोग नियमित रूप से मेडिटेशन का अभ्यास करते हैं, वहां अपराध और हिंसा में कमी आती है। ऐसे में यह ऊर्जा हमारे ग्रह के लिए बहुत कुछ कर सकती है। शाकाहारी भोजन करने से पशुओं और पर्यावरण को कम नुकसान होता है। एक पेड़ अवश्य लगाएं, पक्षियों को भोजन दें। धरती मां के प्रति आदर का भाव रखें। यदि हर एक व्यक्ति इन छोटे-छोटे संकल्पों के साथ जिए तो दुनिया अवश्य बदल जाएगी। पेड़ों को एक प्यार भरा आशीर्वाद दें। पानी पीने से पहले उसका धन्यवाद करें।

कार्नर न्यूज

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता, बहतराई खेल परिसर में होगा रंगारंग शुभारंभ

## दिव्यांग बच्चे दिखाएंगे अपने खेल और कला का जौहर

बहतराई स्थित स्व. बी आर यादव स्टेडियम में कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक समग्र शिक्षा के तत्वाधान में आयोजित होने वाले दो दिवसीय प्रतियोगिता में 33 जिलों के 660 दिव्यांग स्कूलों बच्चे अपने खेल जौहर का साहित्यिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ प्रदर्शन करेंगे। इसका उद्घाटन बुधवार को बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला करेंगे।




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कार्यक्रम में बच्चों के साथ उनके अभिभावकों और शिक्षकों की भी उपस्थित रहेगी। विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए विभिन्न अनूठी प्रतियोगिताएं होगी। प्रतियोगिता में अस्थि बाधित बच्चों के लिए ट्राईसायकल दौड़ 100 मी., वाकर दौड़ 50 मी., कुर्सी दौड़, श्रवण बाधित बच्चों के लिए लम्बीकूद,गोला फेंक,100 मी. दौड़, दृष्टिबाधित बच्चों के लिए मटकाफोड़ प्रतियोगिता, मिश्रित मोतियों को अलग करना, स्पर्श द्वारा कपड़ों में भेद करना जैसी प्रतियोगिताएं मानसिक मंद बच्चों के लिए 50 मी. दौड़, सॉफ्ट बॉल थ्रो, फुटबॉल जैसी विविध प्रतियोगिताएं रखी गई है। विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए हो रहे इस अनूठे कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला प्रशासन के साथ-साथ जिला पंचायत और स्कूल शिक्षा विभाग की टीम पूरी टीम लगी हुई है।

### केन्द्रीय मंत्री तोखन कल करेंगे समापन

इसके अतिरिक्त स्वच्छता अभियान आधारित रंगोली और आदर्श विद्यालय थीम आधारित चित्रकला प्रतियोगिता के साथ सुलेख और सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। खेल के अतिरिक्त सांस्कृतिक कार्यक्रमों में एकल गीत, एकल नृत्य, समूह गीत, समूह नृत्य का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का समापन 6 मार्च को मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू द्वारा बच्चों को पुरस्कृत कर किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### सीयूईटी के रजिस्ट्रेशन शुरू, आवेदन 23 तक

**बिलासपुर।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए ने सीयूईटी यूजी के लिए रजिस्ट्रेशन विंडो ओपन कर दी है। जो कैंडिडेट्स अंडरग्रेजुएट कोर्सेज में एडमिशन के लिए परीक्षा में शामिल होना चाहते हैं, वे ऑफिशियल वेबसाइट cut.nta.nic.in पर विजिट कर अपना आवेदन दर्ज कर सकते हैं। इस साल सीयूईटी यूजी परीक्षा 13 भाषाओं में होगी। इसमें अंग्रेजी, हिंदी, असमिया, बंगाली, गुजराती, कन्नड़, मलयालम, मराठी, उड़िया, पंजाबी, तमिल, तेलुगु और उर्दू शामिल हैं।

### 10वीं की परीक्षा अगले सत्र से साल में 2 बार

**बिलासपुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) 10 वीं की बोर्ड परीक्षा 2026 से साल में दो बार कराएगा। बोर्ड ने मंगलवार को इससे जुड़े ड्राफ्ट को मंजूरी दे दी। पहली परीक्षा 17 फरवरी से 6 मार्च तक, दूसरी 5 से 20 मई तक होगी। इस फैसले का फायदा 26 लाख से ज्यादा बच्चों को मिलेगा। 2025 के एग्जाम में 24 लाख से ज्यादा बच्चे बैठ रहे हैं। इस पैटर्न पर सेशन 2021-22 में एग्जाम ली जा चुकी है। इसके बाद फैसला वापस ले लिया गया था। बोर्ड ने यह फैसला बच्चों के एग्जाम स्ट्रेस को देखते लिया है। सीबीएसई के अनुसार जेईई की तरह 2 बार परीक्षा से बच्चों को मानसिक तौर पर फायदा होगा। एक बार स्कोर कम होने पर वह दूसरी बार उसे बेहतर कर सकेंगे।

### घर के सामने खड़ी कार में लगाई आग, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** घर के सामने खड़ी कार में अज्ञात लोगों के द्वारा आग लगा दिया गया है, जिससे कार जलकर खाक हो गई है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, आश्रय परिसर निवासी मनीष कुमार दुबे ने रिपोर्ट लिखाई कि 22 फरवरी की रात वह अपनी स्वीफ्ट कार से घर आए। बगल के खाली जमीन में वह अपनी कार खड़ी कर घर चले गए और खाना खाने के बाद सो गए। रात 3 बजे पड़ोसी ने उन्हें बताया कि उनकी कार में आग लगी है। उन्होंने लोगों की मदद से पानी डालकर आग बुझाया। आग से कार जलकर खाक हो गई थी। श्री दुबे ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ धारा 326 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

**मातृ एवं शिशु अस्पताल** — जिम्मेदारों की अनदेखी है बड़ी वजह

# अस्पताल के गेट पर खड़ी कर दी 4 गाड़ियां, गर्भवती महिलाएं जा रहीं घिसटते हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला अस्पताल में मरीजों को हर दिन दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, मंगलवार को मातृ एवं शिशु अस्पताल के गेट पर एक साथ 4 गाड़ी खड़ी कर दी गई। ऐसे में गर्भवती महिलाओं व बच्चों को आने जाने में असुविधाओं का सामना करना पड़ा, करीब ढाई घंटे तक वाहन खड़े रहे और दो बजे के बाद ही हटे। ऐसे में हर कोई इस तरह की भर्राशाही और अधिकारियों की उदासीनता को कोसता रहा।

जिला अस्पताल में आए दिन मरीजों के साथ लापरवाही बरती जाती है। जिम्मेदार पदों पर बैठे अधिकारी परिसर में होने वाली छोटी बड़ी समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रहे, जिससे मरीजों को असुविधा हो रही है। मंगलवार को मातृ एवं शिशु अस्पताल में एक साथ 4 वाहन गेट पर ही खड़ी कर दी गई थी, दोपहर 12 बजे से खड़ी यह गाड़िया 2 बजे तक खड़ी रही, इस दौरान आने व जाने वाले मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। अस्पताल परिसर के गेट पर ही एम्बुलेंस, सीजीएमएससी की दवा और वैक्सीन वन और सिलेंडर से भरी 207 वाहन खड़ी रही। खास बात यह है कि इसी के बाजू में सिविल सर्जन डॉ. अनिल गुप्ता की गाड़ी भी खड़ी रही। ऐसे में गर्भवती महिलाओं को आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा, वहीं भारी भरकम सिलेंडर ले जाने के लिए कर्मचारी लिफ्ट का इस्तेमाल करते हुए जिसके कारण मरीजों को बेवहज खड़ा भी होना पड़ा। आसपास के लोगों ने बताया कि रोजाना यही स्थिति का सामना करना पड़ता है।








### परिसर में नहीं है व्हील चेयर

मातृ एवं शिशु अस्पताल में रोजाना गर्भवती महिलाएं पहुंचती है, इस दौरान कई महिलाएं प्रसव पीड़ा से व्यथित रहती है, लेकिन गेट पर व्हील चेयर नहीं होने के कारण उन्हें पैदल ही सीढ़ी चढ़नी पड़ती है, जबकि आला अधिकारियों के विजिट के दौरान चॉक चौबंद व्यवस्था की जाती है और बकायदा व्हील चेयर तक दिखाई देती है लेकिन अधिकारियों के जाने के बाद व्यवस्थाएं स्टोर में बंद हो जाती है।

**मजबूरी :** गर्मी में ट्रेन का इंतजार करना यात्रियों के लिए परेशानी का सबब

# 14 करोड़ में हो रहा उस्लापुर स्टेशन का जीर्णोद्धार, एक शेड तक नहीं बन सका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अमृत भारत योजना में बिलासपुर डिवीजन के उसलापुर रेलवे स्टेशन को शामिल करते हुए 14 करोड़ रुपए की लागत से जीर्णोद्धार किया जा रहा है, लेकिन स्टेशन के अंदर का हाल काफी बुरा है। करोड़ों की लागत से पुनर्विकसित आदर्श स्टेशन के प्लेटफार्म पर शेड की कमी के कारण वर्तमान में यात्रियों को दोपहर की भीषण गर्मी में ट्रेन का इंतजार करना मजबूरी हो गई है।

■ धूप में खड़े रहने की मजबूरी

उसलापुर आदर्श रेलवे स्टेशन को बिलासपुर रेलवे स्टेशन की तरह बनाया जा रहा है। यहां यात्री ट्रेनों की संख्या भी काफी बढ़ चुकी है, जिसके कारण बिलासपुर स्टेशन के यात्रियों को भी अब उसलापुर रेलवे स्टेशन से कटनी की ओर जाने के लिए ट्रेनों को पकड़ना पड़ रहा है। यात्री ट्रेनों के यहां प्रतिदिन मालगाड़ियों का भी आवागमन होता है। इन सबके बावजूद स्टेशन में यात्रियों के लिए सुविधाओं का काफी अभाव है। बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग से कटनी रूट की ओर जाने वाली ट्रेनों का स्टापेज देने के लिए प्लेटफार्म नम्बर 2 और कटनी रूट से आने वाली ट्रेनों के लिए प्लेटफार्म नम्बर 1 है। यह दोनों प्लेटफार्म के अलावा तीसरे प्लेटफार्म का निर्माण अब तक नहीं किया गया है, जिसकी वजह से कई बार एक ही समय पर आने वाली यात्री ट्रेनें आउटर में घंटों खड़ी रहती हैं। उसलापुर में रेल प्रशासन ने स्टेशन डेवलपमेंट का काम भी शुरु कर दिया है। आदर्श रेलवे स्टेशन उसलापुर में गोंदिया के साथ दुर्ग, रायपुर और भाटापारा से कटनी की ओर जाने वाली सारी एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनें, बिलासपुर से पेण्ड्रा और कटनी जाने वाली पैसेंजर ट्रेनों का स्टापेज प्लेटफार्म नम्बर दो और कटनी से रायपुर और बिलासपुर आने वाली ट्रेनों का स्टापेज प्लेटफार्म नम्बर एक पर दिया जा रहा है। इन दोनों प्लेटफार्म पर यात्रियों की सुविधा के लिए पानी पीने की सुविधा तो है, लेकिन भीषण गर्मी और बारिश से बचने के लिए शेड की व्यवस्था नहीं की गई है। इसके कारण दोपहर की भीषण गर्मी में यात्री ट्रेन का इंतजार कर अपना पसीना बहाने को मजबूर हैं।



उसलापुर स्टेशन को अपग्रेड करने का काम चल रहा है।

### प्लेटफार्म के एक छोर से दूसरे छोर तक हो शेड की व्यवस्था

रेल अफसरों के अनुसार आदर्श रेलवे स्टेशन उसलापुर में रेलवे की गाइड लाइन के हिसाब से सारी सुविधा यात्रियों के लिए दी गई है। इस गाइड लाइन के मुताबिक नियमानुसार 400 वर्गफुट तक दोनों प्लेटफार्म पर शेड की व्यवस्था होनी चाहिए, लेकिन वर्तमान में शेड 1154 वर्गफुट लगाए गए हैं। यह भी ट्रेन के कोच और यात्रियों की संख्या के हिसाब से कम है। रेलवे जानकारों का कहना है कि उसलापुर स्टेशन को पुनर्विकसित करने के साथ ही बिलासपुर की सारी ट्रेनों को डायवर्ट भी कर दिया गया है, जिसके बाद यात्रियों की संख्या के हिसाब से प्लेटफार्म के एक छोर से दूसरे छोर तक शेड की व्यवस्था होनी चाहिए।

### स्टेशन के प्रमुख कार्य

जानकारी के अनुसार ट्रेनों के स्टापेज होने के उपरांत यात्रियों की सुविधा के लिए काम किया जाना है। इसके लिए उच्चाधिकारियों के आदेश पर आदर्श रेलवे स्टेशन उसलापुर के सामने एक नया प्रवेश द्वार, यात्रियों की सुविधा और प्लेटफार्म नम्बर 2-3 से जाने वाली गाड़ियों के स्टापेज हेतु दूसरे छोर पर सेकेंड एंट्री, मुख्य गेट की तरह दूसरे छोर पर टिकिट घर, पार्किंग, लिफ्ट, एप्रोच रोड का कार्य, 20 फीट चौड़े फुट ओवरब्रिज का विस्तार करने की योजना, स्टेशन के दो लिफ्ट के कार्य को पूरा करने के साथ प्लेटफार्म नम्बर 1-1 और 3 में शेल्टर लगाने के कार्य को प्रस्तावित किया गया है।

### जरूरत के अनुसार बढ़ोत्तरी

आदर्श रेलवे स्टेशन उसलापुर में अमृत भारत योजना के तहत काम किया जा रहा है। यहां दोनों प्लेटफार्म पर रेलवे बोर्ड की गाइड लाइन के अनुसार शेड लगे हैं, जो दो गुना अधिक हैं। इसके बावजूद यात्रियों की आवश्यकता और उनकी सुविधा को देखते हुए शेड के विस्तार में बढ़ोत्तरी की जाएगी।

-अनुराग कुमार सिंह
सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

# चोरों का आतंक, चौथी बार कालोनी के सूने मकान में बोला धावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सकरी क्षेत्र में चोरों ने आतंक मचाते हुए चौथी बार आसमां सिटी में रहने वाले आरक्षक के सूने मकान में धावा बोलकर सोने, चांदी के जेवर चोरी कर पुलिस सक्रियता की पोल खोलकर रख दिया है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पा रही है। लगातार चोरी से कालोनी में हड़कंप मचा हुआ है।

सकरी पुलिस के अनुसार, आसमां सिटी निवासी विश्वविवेक शर्मा पिता महंत कुमार शर्मा सेंकड बटालियन सकरी में आरक्षक के पद पर पदस्थ है। उनकी पदस्थापना कोंडागांव बस्तर में हुई है तथा उनका परिवार आसमां सिटी फेस 2 मकान नम्बर ए/ एस 2 में रहते हैं। 19 फरवरी को वह परिवार के साथ मकान के दरवाजे में ताला लगाकर शादी कार्यक्रम में शामिल होने छपरा बिहार चले गए थे। 3 मार्च की रात 9 बजे वापस लौटे तो ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखें तो सामान बिखरे पड़े थे और आलमारी का लाकर टूटा हुआ था। उसमें रखा सोने की बाली, फुल्ली, बिंदिया व 10 हजार रुपए नकद चोरी हो गई थी। पुलिस ने श्री शर्मा की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। इसके पूर्व आसमां सिटी फेस 2 एजे 83 निवासी प्रियांशु मिश्रा, मकान नम्बर एटीयू 9 निवासी आशीष कौशिक व एलआईजी 21 निवासी ललित कुमार शर्मा के सूने मकान में चोरी की वारदात हो चुकी है।

### चोरी का सामान बरामद

एमपी का गिरोह रायपुर पुलिस के गिरफ्त में खबर है कि आसमां सिटी के सूने मकानों में चोरी करने के बाद भाग रहे मध्य प्रदेश धार के 4 सदस्यी चोर गिरोह को रायपुर पुलिस ने पकड़ लिया है। बताया जाता है गिरोह के द्वारा रायपुर व बिलासपुर के कई सूने मकानों में चोरी की है। पुलिस उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ कर चोरी का सामान बरामद करने में लगी हुई है।

### दोमुहानी के 7 ट्रैक्टर से बैटरी ले उड़े चोर

**बिलासपुर।** बीती रात चोरों ने तोरवा दोमुहानी में आतंक मचाते हुए 7 ट्रैक्टर से बैटरी चोरी कर आसानी से भाग गए। रात्रि गश्त पर निकली पुलिस को भनक तक नहीं लगी। आखिरकार पुलिस कहां गश्त कर रही थी। तोरवा पुलिस के अनुसार, दोमुहानी इन्द्रआवास निवासी रविकांता पिता स्व. राजकपूर कांत ने थाने में रिपोर्ट लिखाई। वह कन्ट्रक्शन मटेरियल सप्लाई का काम करते हैं और उनके पास दो ट्रैक्टर है। 3 मार्च को मटेरियल सप्लाई करने के बाद ट्रैक्टर चालक घर के सामने गाड़ी खड़ी कर चला गया था। रात में खाना खाने के बाद वह 12.30 बजे सो गए। सुबह 5 बजे सोकर उठकर देखें तो उनके ट्रैक्टर से बैटरी चोरी हो गई थी। उन्होंने आसपास में पतासाजी किया तो मोहल्लेवाले बताए कि अमित खुंटे, सागर धीरज, अभिषेक धीरज, आकास धीरज, हरिश सिंह के ट्रैक्टर की बैटरी भी चोरी हो गई है। इसके पूर्व भी उनके ट्रैक्टर से बैटरी चोरी हुई थी।

# हंगामे और विरोध के बीच सिरगिट्टी में अवैध कब्जों पर कार्रवाई, शराब भट्टी के पास 4 दुकानों के शेड तोड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हंगामे और विरोध के बीच सिरगिट्टी क्षेत्र में शराब भट्टी के सामने बने अवैध शेड को नगर निगम ने हटा दिया। मंगलवार को कार्रवाई के दौरान कांग्रेस नेता सतनाम सिंह खनूजा ने इसका विरोध किया और अतिक्रमण निवारण दस्ते के प्रभारी के साथ विवाद की स्थिति बन गई। जोन क्रमांक 2 तिफरा के जोन कमिश्नर प्रवेश कश्यप के मुताबिक, सिरगिट्टी रेलवे फाटक के आगे बस्ती की ओर जाने वाले रास्ते पर शराब भट्टी के आसपास कई दुकानदारों ने अतिक्रमण कर रखा था। यह अतिक्रमण आवागमन में बाधा बन रहा था। इसके साथ ही निगम ने 17 दुकानदारों को नोटिस जारी किया। इनमें से दो दुकानदारों के अवैध शेड तत्काल हटा दिए गए। बाकी 15 दुकानदारों को स्वयं कब्जा हटाने की मोहलत दी गई है।

■ निगम ने 17 कब्जाधारियों को जारी किया नोटिस



अवैध कब्जे पर कार्रवाई करता निगम का अमला।

### कब्जाधारियों की दुकानों पर नोटिस चस्पा

अतिक्रमण निवारण अमले के प्रभारी प्रमिल शर्मा ने बताया कि चार दुकानदारों के अवैध शेड बुलडोजर से हटाए गए हैं। बस्ती में आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। सभी अतिक्रमणकारी दुकानदारों की शटर पर नोटिस चिपका दिया गया है। ज्ञात हो कि सिरगिट्टी मुख्य मार्ग पर शराब दुकान सालों से परेशानी का सबब है, लेकिन ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस दुकान के अगल बगल अस्थायी चखना सेंटर खुल गए हैं। इसके साथ ही 10 से अधिक अस्थायी दुकानें भी चल रही हैं। इसके साथ ही कुछ दुकानदारों ने सड़क तक सामान फैला लिया है तो शेड भी निकाल लिया है। इससे चौड़ी सड़क सिमट कर संकरी हो गई है। शाम के समय तो यहां से निकलना मुश्किल हो जाता है। इसकी लगातार शिकायत लोगों द्वारा की जा रही है।

### स्कूल, मंदिर और आवासीय परिसर पास में

ध्यान रहे कि यातायात नगर के एप्रोच रोड से हटाई गई शराब की दुकान सिरगिट्टी मुख्य मार्ग के पास खोली गई है। इसके बाद से क्षेत्र के लोग परेशान हैं। यहां हमेशा शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है। शाम के समय तो शराबी सड़क पर बैठकर पीने लगते हैं। इससे रहवासियों को परेशानी हो रही है। दरअसल सिरगिट्टी से शहर की ओर आने के लिए यही एकमात्र रास्ता है। खास तौर पर इस शराब दुकान के कारण महिलाओं को अधिक परेशानी हो रही है। कई बार शराबी महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करते नजर आते हैं। इससे विवाद की स्थिति भी बनती है। इस शराब दुकान के पास ही स्कूल, मंदिर और आवासीय परिसर भी हैं। लोगों ने जिला प्रशासन को इस शराब दुकान को हटाने के लिए ज्ञापन भी सौंपा है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। मामले में हाईकोर्ट ने स्वत संज्ञान जरूर लिया है।

# गांवों से गुजर रही बिजली लाइन से खतरा, केन्द्र की रिपोर्ट पेश नहीं

**बिलासपुर।** गांवों से गुजर रही बिजली लाइन से खतरा, केन्द्र की विस्तृत रिपोर्ट पेश नहीं हो सकी- जनहित याचिका पर हाईकोर्ट में अगली सुनवाई 20 मार्च कोबिलासपुर। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के कई गांवों से गुजरने वाली ट्रांसमिशन लाइन के नीचे और आसपास करंट से लोगों के प्रभावित होने के मामले में जनहित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई।

केंद्र सरकार की तरफ से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल रमाकांत मिश्रा ने पक्ष रखा। वहीं इस पूरे मामले में केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) ने 765 केवी ट्रांसमिशन लाइनों की क्रॉसिंग पर न्यूनतम ऊर्ध्वाधर ग्राउंड क्लीयरेंस की समीक्षा और उपचारात्मक उपाय को लेकर विस्तृत रिपोर्ट पेश नहीं हो पाई है। जिसके लिए अगली सुनवाई का समय 20 मार्च को निर्धारित की गई है। दरअसल छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के 26 नवंबर 2024 के आदेश में विद्युत विभाग के अधिवक्ता ने बताया था कि विद्युत प्राधिकरण, विद्युत मंत्रालय की एक समिति गठित की गई है। इसमें कृषि क्षेत्र में ट्रांसमिशन लाइन स्थापित करने वाली कंपनियों को ट्रांसमिशन लीकेज का समाधान निकालने के लिए बुलाया गया है और कहा गया है कि समिति की रिपोर्ट भी सुनवाई में न्यायालय के समक्ष रखी जाएगी। जिसके बाद 21 जनवरी 2025 को सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार के अधिवक्ता रमाकांत मिश्रा ने उनके द्वारा दायर संक्षिप्त हलफनामे में कहा कि, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) ने 765 केवी ट्रांसमिशन लाइनों की क्रॉसिंग पर न्यूनतम ऊर्ध्वाधर ग्राउंड क्लीयरेंस का आकलन/समीक्षा करने के लिए जनहित याचिका में एक समिति गठित की है, लेकिन हितधारकों से अनुरोध करने के बाद समिति की रिपोर्ट अभी तक प्रस्तुत नहीं की गई है। जिसके बाद हाइकोर्ट की बेंच में आदेश के परिपालन के लिए सुनवाई हुई, लेकिन आज भी रिपोर्ट पेश नहीं की जा सकी।

# मेंटनेंस बंद, बिजली की आंख मिचौली जारी

**बिलासपुर।** मार्च आते ही बिजली विभाग के अधिकारी बकाया वसूली में लगे हुए हैं, ऐसे में गर्मी पूर्व मेंटनेंस बंद है। अधिकारियों के अनुसार मार्च के बाद ही मरम्मत और रखरखाव का काम किया जाएगा, वहीं दूसरी ओर रोजाना बिजली ट्रीपिंग के चलते बिजली बंद हो रही है।

सिटी सर्किल का बकाया एरियर्स 1 अरब के आसपास जा पहुंचा है, इस दौरान बिजली अधिकारी लगातार डिस्कनेक्शन कर वसूली अभियान में जुटे हैं, वहीं फीडर और ट्रांसफार्मर रखरखाव बंद है। आमतौर पर फरवरी और मार्च के महीनें में गर्मी पूर्व मेंटनेंस किया जाता है, लेकिन इस बार चुनाव आचार संहिता के चलते मेंटनेंस का कार्य नहीं हो सका है, वहीं वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पूर्व अधिकारी बकाया वसूली में लगे हुए हैं। जिसके चलते ट्रांसफार्मर, फीडर और लाइनों का रखरखाव नहीं हो पा रहा है, विभाग के अधिकारियों के अनुसार अब अप्रैल में ही मेंटनेंस किया जाएगा।

### बनाई गई है टीम

सिटी सर्किल में 2 डिवीजन और 6 जोन है, हर जोन में 3 से 4 दल बनाया गया है, इस दल में जेई, लाइनमेन और अन्य स्टाफ को रखा गया है, वहीं फिल्ड में सहायक यंत्रियों के द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। संवेदनशील इलाकों में सहायक यंत्री स्वयं ही लाइन कटवाने पहुंच रहे हैं। फरवरी से अबतक 500 से अधिक कनेक्शन काटे गए है, जिसमें विभाग का राजस्व भी बढ़ चुका है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

स्वामी जी-93406-38884
ज्योतिर्लिंग
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक,
यात्रा दिनांक: 16 मार्च 2025, 09 अप्रैल 2025, 08 मई 2025, 04 जून 2025, 11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर- 18,501/-, 3AC-28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
25 मार्च से 03 अप्रैल, 08 अप्रैल से 17 अप्रैल, 06 मई से 15 मई, 20 मई से 29 मई, 03 जून से 12 जून 2025 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मानाभ स्वामी)
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411